प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए खुलेआम चुनाव प्रचार आज थम गया है। इसके बाद राजनीतिक दलों के उम्मीदवार व समर्थक केवल डोर टू डोर प्रचार कर सकेंगे। प्रदेश में 4 लोकसभा सीटों सहित 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है। मतदान एक जून को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश के विभिन्न ज़िला मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियों को आज अपने–अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया है। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रचार अभियान थमने के बाद अब एक जून को शाम 6 बजे या मतदान की समाप्ति तक राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के जुलूस व प्रदर्शन जैसी गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए डाले गए मतों की गिनती 4 जून को की जाएगी।

गडकरी–योगी

इस बीच, चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज भाजपा के स्टार प्रचारक व केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मण्डी ज़िले में करसोग विधानसभा क्षेत्र के पांगणा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश के लिए 20 हज़ार करोड़ रूपए की परियोजनाएं मंजूर की हैं जिन्हें चुनाव के बाद शुरू किया जाएगा। उन्होंने मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में वे दो ऐसी परियोजनाएं लगाने में सहयोग करेंगे जिससे सेब की गुणवत्ता बढ़ेगी और स्थानीय बागवान डॉलर में अपने सेब को बेच पाएंगे। वहीं दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुल्लू के ढालपुर और हमीरपुर के बडसर में चुनावी जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि देश में कुछ वर्ष पूर्व सरकारों में विकास की सोच नहीं थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में व्यापक बदलाव के साथ–साथ भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में भारत ने दुनिया में अपनी एक नई पहचान बनाई है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में यदि कहीं काई संकट आता है तो वो देश भारत की ओर देखता है।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने प्रदेश की जनता से कांग्रेस सरकार की जनहितैषी नीतियों को ध्यान में रखते हुए चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की है। ऊना ज़िले के कुटलैहड़ में आज कई स्थानों पर जनसभाओं में उन्होंने ईमानदार प्रत्याशियों को जिताने का आग्रह किया ताकि विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके।

एडवाइज़री

पहली जून को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान केंद्रों की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग ने एडवाइजरी जारी की है। आयोग के मुताबिक मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी। चार या इससे अधिक लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव डियूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों को मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में अग्निशस्त्र, हथियार, बैनर और स्टिकर लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश सरकारी कर्मचारी, कानून व्यवस्था, आवश्यक सेवाएं और चुनाव संचालन से जुड़े लोगों पर लागू नहीं होंगे।

ड्राई–डे

निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आगामी तीन दिन ड्राई डे घोषित किया है। इस दौरान शराब की बिक्री पर रोक रहेगी। इन तीन दिनों के भीतर यदि कोई दुकानदार इनकी बिक्री करता पाया जाता है तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा 4 जून को मतगणना वाले दिन भी ड्राई–डे रहेगा। आबकारी व कराधान विभाग ने प्रदेश से सटी अन्य राज्यों की सीमाओं को भी पूरी तरह सील कर दिया है। प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों पर पैनी नज़र रखी जा रही है। चुनावी डयूटी के दौरान अन्य राज्यों से आए पुलिस कर्मियों सहित पैरा मेडिकल फोर्स के जवान भी फ्लैगमार्च कर रहे हैं और हर एक संदिग्ध गतिविधि पर नज़र रखी जा रही है।

फ्लैग मार्च

ऊना ज़िले में मतदान निष्पक्ष व शांतिपूर्ण करवाने सहित कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल ने आज ज़िला मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस बल ने लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश देते हुए प्रशासन की ओर से कानून व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद रखने का आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि फ्लैग मार्च उन लोगों के लिए कड़ी चेतावनी है जो शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की कोशिश में रहते हैं। ज़िला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे।

आग

प्रदेश में भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच वनों में आग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन घटनाओं में वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है। इधर राजधानी शिमला के साथ लगते तारादेवी और समरहिल के वनों में भी आग लगने की घटना के कारण शिमला–कालका रेल मार्ग पर चलने वाली सभी ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। सड़क न होने के कारण आग प्रभावित क्षेत्र तक अग्निशमन की गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही हैं। ऐसे में विभाग के कर्मचारी ही आग बुझाने में जुटे हुए हैं।

दुर्घटना

मण्डी ज़िले में बालीचौकी–सुधराणी मार्ग पर फागूधार में आज दोपहर एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से 3 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतकों में क्षेत्र की खलवाहन पंचायत के प्रधान भी शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से गहरी संवेदना जताई है।

....